# कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, हाथरस

पत्रांक : के.जी.बी.वी./10250/2024-25 दिनांक 07.11.2024

## विज्ञप्ति

महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, राज्य परियोजना कार्यालय, लखनऊ के पत्रांकः के.जी.बी. वी. / 11308 / 2022-23 दिनांकः 14.02.2023 एवं अपर मुख्य सचिव, उ. प्र. शासन के शासनादेश संख्या - 1553 / 68-5-2020 शिक्षा अनुभाग - 5 लखनऊ दिनांक : 11 दिसम्बर, 2020 के क्रम में जनपद हाथरस में संचालित 06 कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालयों हेतु शैक्षिणिक एवं गैर- शैक्षिणिक कर्मियों के रिक्त पदों के सापेक्ष नितान्त अस्थायी रूप से संविदा के आधार पर कार्य करने के इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं, जो केवल पंजीकृत डाक से कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, हाथरस में दिनांक : 22.11.2024 की सायं 05:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगें। अंतिम तिथि के पश्चात अथवा साधारण डाक से प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जायेगा। रिक्त पदों का विवरण एवं योग्यता निम्नवत है-

| क्र. सं. | पदनाम | विषय | आरक्षण/संवर्गवार रिक्त पदों का विवरण | | | | निर्धारित शैक्षिक योग्यता | निर्धारित मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनु. जाति | अन्य पिछड़ा वर्ग | सामान्य | कुल | | |
| 1 | पूर्णकालिक शिक्षिका | गणित | 0 | 0 | 1 | 1 | पी.सी.एम. वर्ग से स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी.ई.टी. के साथ प्रशिक्षण उपाधि के अंतर्गत एन.सी.ई.टी. से मान्य बी.एड./समकक्ष एल.टी. इत्यादि प्रशिक्षण मान्य है। | रु.24200.00 प्रतिमाह |
| 2 | अंशकालिक शि क्षका | कम्प्यूटर शिक्षा | 1 | 2 | 2 | 5 | प्रशिक्षित स्नातक, एवं प्रशिक्षण उपाधि के अंतर्गत एन.सी.ई.टी. से मान्य बी.एड./समकक्ष एल.टी. इत्यादि प्रशिक्षित सम्मिलित है। इसके अतिरिक्त कम्प्यूटर शिक्षण हेतु पी.जी.डी.सी.ए./बी.सी.ए./बी.एस.सी. कम्प्यूटर साइंस अथवा स्नातक सहित डी.ओ.ई.ए.सी.सी. या समकक्ष संस्था से ओ लेवल ए लेवल डिप्लोमा आदि शैक्षिक योग्यता भी वांछित होगी। | रु.10780.00 प्रतिमाह |
| 3 | लेखाकार | ---- | 1 | 0 | 0 | 1 | स्नातक वाणिज्य तथा एम.एस. ऑफिस पर कार्य करने का ज्ञान अनिवार्य होगा, डी.ओ.ई.ए.सी.सी. या समकक्ष संस्था से ओ लेवल कम्प्यूटर शिक्षा में डिप्लोमा को वरीयता दी जायेगी। | रु.12100.00 प्रतिमाह |
| 4 | मुख्य रसोइया | ---- | 0 | 0 | 1 | 1 | कक्षा 8 उत्तीर्ण | रु.7590.00 प्रतिमाह |
| 5 | सहायक रसोइया | ---- | 0 | 2 | 3 | 5 | कक्षा 8 उत्तीर्ण | रु.5693.00 प्रतिमाह |
| 6 | चपरासी | ---- | 0 | 1 | 1 | 2 | कक्षा 8 उत्तीर्ण | रु.6325.00 प्रतिमाह |
| 7 | चौकीदार | ---- | 0 | 2 | 3 | 5 | कक्षा 8 उत्तीर्ण | रु.6325.00 प्रतिमाह |
| | | योग | 2 | 07 | 11 | 20 | | |

**आवश्यक नियम एवं शर्तें-**

1. समस्त कर्मचारियों हेतु 01.04.2024 को न्यूनतम आयु 25 वर्ष तथा अधिकतम आयु 45 वर्ष से अधिक नही होना चाहिये ।
2. कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालयों की ऐसी शिक्षिका जो निर्धारित अर्हता रखती हों किन्तु शैक्षिक सत्र 2020-21 में नवीन संविदा से वंचित रही है, उन शिक्षिकाओं द्वारा कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालयों में रिक्तियों के सापेक्ष होने वाले नवीन चयन में आवेदन करने पर चयन हेतु आयु सीमा में कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय में कार्यरत रहने की अवधि के समतुल्य छूट प्रदान की जायेगी, किन्तु प्रतिबन्ध यह है कि सम्बन्धित शिक्षिका की आयु 60 वर्ष से अधिक न हो।
3. उपरोक्त समस्त पद 11 माह 29 दिन / शैक्षिक सत्र के लिये संविदा पर आधारित होंगे तथा कार्य संतोषजनक होने की दशा में जनपद स्तरीय समिति के अनुमोदनोपरान्त कार्यकाल में वृद्धि की जा सकती है।
4. राज्य सरकार के प्राविधानों के अनुसार आरक्षण देय होगा ।
5. कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालयों की ऐसी शिक्षिका जो निर्धारित अर्हता रखती हों किन्तु शैक्षिक सत्र 2020-21 में नवीन संविदा से वंचित रही है, उन शिक्षिकाओं द्वारा कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालयों में रिक्तियों के सापेक्ष होने वाले नवीन चयन में आवेदन करने पर उन्हें चयन हेतु शैक्षिक अर्हता में शासनादेश संख्या : के.जी.बी.वी./ 3-2 / 1916 / 2013-14 दिनांकः 29-07.2013 के पूर्व कार्यरत शिक्षिकाओं के लिये टी.ई.टी. की अर्हता अनिवार्य नहीं होगी। आवेदक को तत्सम्बन्धी प्रमाणपत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। 6. कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालयों की ऐसी शिक्षिका जो निर्धारित अर्हता रखती हों किन्तु शैक्षिक सत्र 2020-21 में नवीन संविदा से वंचित रही है, उन शिक्षिकाओं द्वारा कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालयों में रिक्तियों के सापेक्ष होने वाले नवीन चयन में आवेदन करने पर उन्हें कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों में की गयी सेवा अवधि के प्रत्येक सम्पूर्ण शैक्षिक वर्ष के लिये 2 प्रतिशत अतिरिक्त भारांक दिया जायेगा किन्तु अधिकतम भारांक 30 प्रतिशत से अधिक नही दिया जायेगा । आवेदक को तत्सम्बन्धी प्रमाणपत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. समस्त पदों पर महिला अभ्यर्थियों का ही चयन किया जायेगा । पुरुष अभ्यर्थी पात्र नहीं होगें, चयन के उपरांत पूर्णकालिक शिक्षिका, मुख्य रसोइया तथा सहायक रसोइया को विद्यालय परिसर में बालिकाओं के साथ निवास करना अनिवार्य है I
8. रिक्त पदों की संख्या घट-बढ़ सकती है ।
9. अभ्यर्थी आवेदन पत्र के साथ नवीनतम पासपोर्ट की 02 फोटोग्राफ, स्वप्रमाणित किये गये समस्त शैक्षिक अंक पत्रों, प्रमाण पत्रों एवं जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति तथा 02 लिफाफे पत्राचार का पता लिखे हुए, जिस पर रु. 42/- का डाक टिकट लगा हो (संलग्न करें ) ।
10. एक लिफाफे में केवल एक ही आवेदन पत्र स्वीकार किया जायेगा। एक लिफाफे में एक से अधिक आवेदन पत्र भेजने पर सभी आवेदन पत्र निरस्त क्र दिये जायेंगे । लिफाफे के उपर आवेदित पद का नाम, विषय एवं आरक्षण कोटि स्पष्ट रूप से अंकित किया जाये।
11. रिक्तियों की संख्या आवश्यकतानुसार घट-बढ़ सकती है।
12. **सभी नियुक्तियां विशेष अनुज्ञा याचिका सं 13553/2022 स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर बनाम सरोज मौर्या व अन्य में मा. उच्चम न्यायालय द्वारा पारित अन्तिम आदेश के अधीन होगी।**
13. गुणांकों के आंगणन हेतु अंक पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। संलग्न न होने की दशा में आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जायेगा, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित अभ्यर्थी का होगा।

(स्वाती भारती)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
हाथरस

### कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय, जनपद हाथरस हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

स्वप्रमा णित फोटो

1. आवेदित पद का नाम - ..........
2. विषय - ..........
3. आवेदक का नाम - ..........
4. पिता का नाम - ..........
5. पति का नाम - ..........
6. जाति/वर्ग - ..........
7. जन्म तिथि - ..........
8. दिनांक 01.04.2024 को आयु .......... वर्ष .......... माह .......... दिन ..........
9. स्थायी पता - ..........
10. पत्र व्यवहार का पता - ..........
11. दूरभाष एवं मोबाइल नम्बर - .......... 12. आधार नम्बर - ..........
13. के.जी.बी.वी. में अनुभव यदि कोई हो सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत ( प्रमाण पत्र संलग्न करें) ..........
14. शैक्षिक योग्यता का विवरण -

| क्र. सं. | परीक्षा का नाम | बोर्ड/ संस्था | विषय | वर्ष | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कक्षा-8 | | | | | | |
| 2. | हाईस्कूल | | | | | | |
| 3. | इंटर मीडिएट | | | | | | |
| 4. | स्नातक | | | | | | |
| 5. | बी.एड. | | | | | | |
| 6. | टी.ई.टी. उ.प्रा. स्तर | | | | | | |
| 7. | कम्प्यूटर प्रशिक्षण | | | | | | |
| 8. | अन्य | | | | | | |

संलग्नको का विवरण :-

1 .......... 5 ..........
2 .......... 6 ..........
3 .......... 7 ..........
4 .......... 8 ..........

मैं घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा दी गयी समस्त उपरोक्त सूचनायें सही हैं, मेरे द्वारा कोई तथ्य छिपाया नही गया है। यदि मेरे द्वारा दी गयी सूचनायें गलत/कूटरचित पायी जाती हैं अथवा कोई तथ्य गोपन किया जाता है तो मेरा चयन/अभ्यर्थन रद्द कर दिया जाये, इसमें मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी तथा विभाग द्वारा की गयी कार्यवाही मुझे स्वीकार होगी।

दिनांक :

अभ्यर्थी का हस्ताक्षर ..........
अभ्यर्थी का नाम ..........
पता ..........